केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 301 शनिवार 25 मई 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

एक नजर

सरयू नदी में उतराता मिला महिला का शव

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। दुबौलिया थानाक्षेत्र के कटरिया चांदपुर तटबंध पर खजांचीपुर गांव के पास सरयू नदी में में एक 30 वर्षीय महिला का शव शुक्रवार को उतराता हुआ मिला। हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंकने की आशंका जताई जा रही है। लाश कई दिन पुरानी होने के कारण चेहरा पूरी तरह खराब होने के कारण शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों ने एक महिला का शव पड़ा देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। महिला का दाहिना पैर नहीं था। इस बाबत एसओ चन्द्रकांत पाण्डेय ने बताया कि शव देखकर लग रहा है कि उसे काफी दिन पूर्व कहीं से सरयू नदी में डाल दिया गया था, जो पानी में बहकर खजांची गांव में नदी के किनारे उतराता हुआ पाया गया। बताया कि शव कई दिन पुराना होने के कारण चेहरा बुरी तरह खराब हो चुका था। इस कारण शिनाख्त में काफी परेशानी आई। एसओ ने बताया कि प्रथम दृष्टया कुछ भी कह पाना मुश्किल है। शिनाख्त नहीं हो पाने पर 72 घंटे बाद ही पोस्टमार्टम कराया जा सकेगा।

पुलिस चौकी में घुसकर कंडक्टर को पीटा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शहर के बड़ेवन पुलिस चौकी में जान बचाने के लिए घुसे रोडवेज बस परिचालक की पिटाई करने की घटना सामने आई है। परिचालक अपनी जान बचाने के लिए पुलिस चौकी में घुस गया। दोनों आरोपी भी पुलिस चौकी में घुस गए और परिचालक को जमकर पीटा। किसी तरह दोनों आरोपियों के चंगुल से परिचालक ने खुद को छुड़ाया। इस बीच पुलिस कर्मियों की शिथिलता का लाभ उठाते हुए दोनों हमलावर चंपत हो गए। इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी और अपनी ही पुलिस चौकी से अराजकता का नजारा देखती रही।

हालांकि घायल बस कंडक्टर की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। लेकिन हमलावरों का सुराग लगाने में बड़ेवन चौकी पुलिस नाकाम रही। कोतवाली थानाक्षेत्र के बड़ेवन चौराहे पर बस्ती रोडवेज बस को डुमरियागंज लेकर जा रहे चालक, परिचालक से बाइक सवार दो युवक बीच चौराहे पर भिड़ गए। बस चालक राजकुमार यादव को बस से उतार कर उसकी पिटाई करने लगे। बीच–बचाव में आए रोडवेज बस परिचालक राघवेन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम नरायनपुर थाना नगर को मारने–पीटने लगे। वह जैसे ही जान बचाने के लिए सामने बड़ेवन पुलिस चौकी में घुसे तो हमलावर भी उनका पीछा कर पुलिस चौकी के अंदर बेखौफ होकर पिटाई करने लगे। वहां पर मौजूद दो पुलिसकर्मी मूकदर्शक बने रहे। चर्चा है कि एक स्थानीय व्यक्ति के परिचित हमलावरों को पुलिस ने जानबूझकर भागने का मौका दे दिया। हमलावरों के भगाने की बात पर सफाई देते हुए चौकी प्रभारी आनंद सिंह ने कहा कि मैं घटना के वक्त वहां मौजूद नहीं था, फ्रेश होने गया था। जब वह वापस आया तो बाइक सवार हमलावर भाग गए थे। फिलहाल परिचालक की तहरीर पर अज्ञात बाइक सवार दोनों व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

पुलिस चौकी के भीतर परिचालक की पिटाई के बाबत पूछे जाने पर आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने कहा कि उनके संज्ञान में यह घटना अभी सामने नहीं आई है। अगर इस तरह की अराजकता हुई होगी तो निश्चित रूप से हमलावरों पर कार्रवाई होगी। पुलिस कर्मियों की भी जवाबदेही तय होगी।

चुनाव आयोग को बूथवार डाटा अपलोड करने का निर्देश नहीं दे सकते–सुप्रीमकोर्ट

नई दिल्ली (आभा)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें निर्वाचन आयोग को केंद्रवार मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में प्रत्येक बूथ पर मतदान समाप्त होने के 48 घंटों के भीतर डाले गए और खारिज किए गए वोटों सहित मतदान प्रतिशत डेटा जारी करने की मांग की गई थी। हालांकि शीर्ष अदालत ने इन याचिकाओं को लोकसभा चुनाव के बाद तक के लिए स्थगित कर दिया है।

अदालत की एक अवकाशकालीन पीठ ने तर्क दिया कि अगर इस पर तत्काल फैसला दिया जाता है और प्रक्रिया को बीच में ही बदला जाता है तो इससे चुनाव के दौरान चुनाव आयोग पर अधिक बोझ पड़ सकता है।' पीठ ने यह भी कहा कि सात में से पांच मतदान चरण पूरे हो चुके हैं और परिणाम दो सप्ताह से भी कम समय में 4 जून को आने वाले हैं। न्यायालय ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपलोड करने के काम में लोगों को लगाना मुश्किल होगा।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह फिलहाल ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं कर सकती क्योंकि चुनाव के पांच चरण संपन्न हो चुके हैं और दो चरण बाकी हैं। शीर्ष अदालत ने एनजीओ 'असोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एआरडी) की ओर से दाखिल अंतरिम अर्जी (एआई) स्थगित कर दी और इसे चुनाव बाद नियमित पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाएगा। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अर्जी में किया गया अनुरोध इसी मुद्दे पर 2019 से लंबित मुख्य याचिका के समान है।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग के लिए वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत के आंकड़े अपलोड करने के काम में लोगों को लगाना मुश्किल होगा। पीठ ने कहा, ''एआई में कोई भी राहत देना मुख्य याचिका में राहत देने के समान होगा,जो लंबित है।'' अदालत ने एडीआर से सवाल किया और जोर देकर कहा कि वह चुनाव के बीच में हस्तक्षेप नहीं करेगा। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, इस आवेदन पर चुनाव के बाद सुनवाई की जाएगी. .. चुनाव के बीच में, हाथ खड़े करते हैं! हम (चुनावी प्रक्रिया) बाधित नहीं कर सकते.. हम भी जिम्मेदार नागरिक हैं।'' उच्चतम न्यायालय ने 17मई को एनजीओ की याचिका पर निर्वाचन आयोग से एक हफ्ते के अंदर जवाब मांगा था जिसमें लोकसभा चुनाव के प्रत्येक चरण का मतदान संपन्न होने के 48 घंटे के अंदर मतदान केंद्रवार मत प्रतिशत के आंकड़े आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। एआरडी ने अपनी 2019 की जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन दायर किया जिसमें उसने निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने की अपील की कि सभी मतदान केंद्रों के 'फॉर्म 17 सी भाग–प्रथम (रिकॉर्ड किए गए मत) की स्कैन की गई पढ़ने योग्य प्रतियां मतदान के तुरंत बाद अपलोड की जाएं।

बस्ती के 2151 बूथों पर मतदान शनिवार को: पोलिंग पार्टियां रवाना

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। शनिवार को बस्ती लोकसभा 61 के 2151 बूथों पर मतदान के लिये मंडी परिषद परिसर से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। समाचार लिखे जाने तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने स्थानों पर पहुंच चुकी थी। हर पोलिंग पार्टी के कर्मचारी आपस में मिले फिर ईवीएम व वीवीपेट के साथ मतदान सामग्री प्राप्त किया। जिले के नवीन सब्जी मंडी में पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग–अलग काउन्टर लगाए गए थे। इन काउन्टरों से एआरओ ने उन्हें ईवीएम और वीवीपैट दिया। जिसे लेकर नवीन सब्जी मंडी में कर्मचारियों ने कागजातों का मिलान किया। इसके पश्चात नवीन सब्जी मंडी में खड़े वाहनों पर सवार होकर अपने–अपने बूथ की तरफ रवाना हुये। जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी सहित अन्य अधिकारी व्यवस्था का पर्यवेक्षण करते रहे। नवीन सब्जी मंडी से पोलिंग पार्टी रवाना होने के चलते हाईवे पूरी तरह से जाम हो गया था। नवीन सब्जी मंडी से सटकर एनएच 28 गुजरता है। पॉलीटेक्निक के पहले बने चौनपुर ओवरब्रिज के पास से हड़िया ओवरब्रिज के बीच जाम लगा रहा। हाइवे के लगभग तीन किमी के दूरी में वाहन सरकते नजर आए। हालांकि जगह–जगह पुलिस कर्मी लगे रहे फिर भी इसका कोई असर नहीं दिखा।

मंडी समिति परिसर में पांचों विधानसभा क्षेत्र का रवानगी स्थल अलग–अलग बनाया गया था। सभी विधानसभा क्षेत्रों के पीठासीन व मतदान कार्मिकों की उपस्थिति के काउन्टर निर्धारित था। सामानों को प्राप्त करने के लिए स्ट्रांग रूम के सामने काउन्टर बने थे।

जिले में कुल 1482 मतदान केंद्रों पर 2151 बूथ बनाए गए हैं। हर्रैया विधानसभा क्षेत्र में 315 मतदान केंद्र व 421 बूथ हैं। कप्तानगंज में 283 मतदान केंद्र व 398 बूथ, रुधौली में 336 मतदान केंद्र व 475 बूथ, बस्ती सदर में 235 मतदान केंद्र व 416 बूथ व महादेवा में 313 मतदान केंद्र व 441 बूथ हैं। इन बूथों के लिए पीठासीन अधिकारी से लेकर मतदान अधिकारी तृतीय, सुरक्षा कर्मी की रवानगी शुक्रवार सुबह से ही शुरू हो गई। पार्टियों की रवानगी के लिए प्रशासन ने 626 बड़े तथा 593 छोटे वाहनों की व्यवस्था किया था। चुनाव में रिजर्व मिलाकर 11750 कार्मिकों की व्यवस्था की गई है। अंतिम दौर में किसी कार्मिक के साथ घटना–दुर्घटना होने की दशा में प्रशासन स्तर पर रिजर्व की तैयारी रखी गई है। मतदान कार्मिकों के पर्यवेक्षण के लिए 126 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 16 जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। मंडी स्थल का प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट यह तय करेंगे कि 24 मई की शाम तक सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां सकुशल पहुंच गई हैं। पार्टियों को बूथों पर रहने आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित किये जाने का निर्देश ह। । यदि कहीं पर समस्या हो तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करें। चुनाव में जिले के 2151 बूथों पर फोटोग्राफी होगी। फोटोग्राफी के नोडल सीडीओ ने बताया कि फोटोग्राफी कर आयोग की वेबसाइट पर फोटो अपलोड करने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर बिजली बिल शून्य होगा –जेपी नड्डा

कुशीनगर (आभा)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार को कुशीनगर पहुंचे। यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार बनने पर बिजली का बिल शून्य होगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा के बदौलत प्रत्येक बिजली कनेक्शनधारियों के छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा होगी। सरकार आप से बिजली खरीदेगी। इससे प्रत्येक परिवार की आमदनी बढ़ेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने जनसभा में कहा कि इंडिया यानि घमंडिया गठबंधन दलित, पिछड़ा व अति पिछड़ा विरोधी है। यह इन जातियों के आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ावा देना चाहते हैं। धर्म व परिवारवाद के नाम पर गठबंधन करने वाले कभी राष्ट्र का विकास नहीं कर सकते हैं। सीएम ममता बनर्जी ने पीछे के रास्ते से आरक्षण सूची में मुस्लिमों को घुसाकर हजारों को प्रमाण पत्र जारी किया। कोर्ट ने उसे पलट कर उन्हें आईना दिखाया है। कांग्रेस की आंध्र प्रदेश की सरकार ने चार व कर्नाटक की सरकार ने दो बार ऐसे ही प्रयास किए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि घमंडिया गठबंधन श्रीराम, सनातन और राष्ट्र के साथ विकास विरोधी है। कांग्रेस अध्यक्ष रही सोनिया गांधी ने कोर्ट में बताया था कि श्रीराम का वजूद नहीं है। इनके खराब कर्मों के चलते अयोध्या में श्रीराम के दर्शन नहीं हुए। सनातन धर्म के विरोध में जहर उगलने वाला इनका प्रिय होता है। राष्ट्र के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले के पक्ष में राहुल गांधी खड़ा होकर उसे टिकट देते हैं। ऐसे पार्टियों को जनता सबक सिखाने को तैयार है।

जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 55 किमी नेशनल हाइवे बनाया है। इससे पहले लखनऊ से गोरखपुर की दूरी तय करने में साढे सात घंटे लगते थे। वहीं हाइवे बनने से अब तीन घंटे पहुंच रहे हैं। डबल इंजन की सरकार ने कुशीनगर में आपके आंगन में मेडिकल कॉलेज बना दिया है। आपकी ताकत से रेलवे का बजट 19 गुना बढ़ा है। आज सब्जी वाला भी डिजिटल लेनदेन करता है।

शत प्रतिशत मतदान के लिये चलाया जागरूकता अभियान

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। सनातन धर्म चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट रजि0 के द्वारा गायत्री शक्तिपीठ रोडवेज के सामने मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। आयोजन में गोष्ठी, काव्यपाठ व सेल्फी प्वाइन्ट लगाया गया। शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान करने योग्य सभी लोगों को हिस्सा लेना चाहिए, जब राजनीति ही संसद के माध्यम से देश की दिशा और दशा तय कर रही है, ऐसे में मतदान आप का लोकतांत्रिक हथियार है। इसलिए 25 मई को सभी लोग बूथ तक जाएं और मतदान करें।

गोष्ठी को विशाल पाण्डेय , विजय कान्त मिश्र, विशाल शुक्ल, अतुल उपाध्याय आदि ने सम्बोधित किया। दीपक सिंह प्रेमी ने काव्य पाठ के माध्यम से 'जो सबका सम्मान करें वो होगा अपना नेता, ऐसा जनप्रतिनिधि जो करें भलाई, हर हाथों में रोजगार हो पुस्तक और पढ़ाई, इस चुनाव में इन बातों का ध्यान करेंगे, देश बढ़ेगा आगे हम मतदान करेंगे, मतदान के लिए प्रेरित किया।

"ई वी एम से देंगे वोट, कहते हैं डंके की चोट" के नारे के साथ सभी लोगों ने शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लेते हुए सेल्फी प्वाइंट के साथ अपना अपना फोटो खिंचवाया।

जगदम्बिका पाण्डेय, सर्वेश श्रीवास्तव, शिवम् पाण्डेय, संतोष विश्वकर्मा, विशाल त्रिपाठी, मोनू पाण्डेय, विवेक पांडेय, महेश्वरानंद शुक्ल, श्रवण शुक्ल, रमेश तिवारी, राजकुमार मद्धेशिया, अमन, उपेन्द्र उपाध्याय, कविश अबरोल, प्रमोद पाण्डेय, राहुल मिश्र आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

छठे चरण में यूपी में मेनका गांधी, जगदम्बिका पाल, हरीश द्विवेदी समेत 162 उम्मीदवार मैदान में

लखनऊ (आभा)। आम चुनाव के छठे चरण के लिए उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीट पर शनिवार को मतदान होगा, जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी, हरीश द्विवेदी, जगदम्बिका पाल, तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी और भोजपुरी फिल्म अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ समेत 162 उम्मीदवारों की तकदीर का फैसला होगा। राज्य की इन 14 सीट पर लोकसभा चुनाव के साथ–साथ बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए भी मतदान 25 मई को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 25 मई को होने वाले मतदान को सकुशल, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए शुक्रवार को मतदेय स्थलों के लिए मतदान कर्मी दल रवाना हुये।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि छठे चरण में प्रदेश के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, सन्त कबीर नगर, लालगंज (आरक्षित), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (आरक्षित), मदोही तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैसड़ी में मतदान होना है। इनमें दो सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। रिणवा के अनुसार 14 लोकसभा सीट पर 146 पुरुष और 16 महिलाओं सहित कुल 162 उम्मीदवार मैदान में हैं, जबकि गैसड़ी विधानसभा सीट पर सात उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। सुलतानपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार मेनका गांधी का समाजवादी पार्टी (सपा) के रामभुआल निषाद और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के उदयराज वर्मा से मुकाबला है।

इलाहाबाद सीट पर पूर्व राज्यपाल केसरीनाथ त्रिपाठी के बेटे भाजपा उम्मीदवार नीरज त्रिपाठी का मुकाबला इंडियाइ गठबंधन से कांग्रेस कोटे के उम्मीदवार और पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह से है। आजमगढ़ सीट पर निवर्तमान भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ का मुकाबला समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव से है। धर्मेंद्र यादव 2022 में इस सीट पर हुए उपचुनाव में निरहुआ से हार गए थे। जौनपुर सीट पर बहुजन समाज पार्टी के मौजूदा सांसद श्याम सिंह यादव को पार्टी ने फिर चुनाव मैदान में उतारा है, जिनका मुकाबला सपा उम्मीदवार तथा पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा और भाजपा के कृपाशंकर सिंह से है। मदोही में भाजपा ने अपने निवर्तमान सांसद रमेश बिंद की जगह विधायक विनोद कुमार बिंद को मैदान में उतारा है जिनके मुकाबले विपक्षी दलों के इंडियाइ गठबंधन ने तृणमूल कांग्रेस के ललितेश पति त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया है।

कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री पंडित कमलापति त्रिपाठी की चौथी पीढ़ी के ललितेश गिर्जापुर जिले में कांग्रेस के विधायक रह चुके हैं। डुमरियागंज में भाजपा सांसद और पार्टी प्रत्याशी जगदंबिका पाल का मुकाबला सपा के भीष्मशंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से होगा। अंबेडकरनगर में भाजपा के रितेश पांडेय और सपा के पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के बीच कड़ी टक्कर मानी जा रही है जबकि संतकबीरनगर में भाजपा के मौजूदा सांसद प्रवीण निषाद और सपा के लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद मुकाबले में हैं। प्रदेश में लोकसभा की कुल 80 सीट में से 53 पर पिछले पांच चरणों में मतदान संपन्न हो चुका है और छठे चरण में 14 सीट पर शनिवार को मतदान के बाद सातवें चरण में 13 सीट पर एक जून को मतदान होगा और चार जून को मतगणना होगी।

आजम खान और परिवार को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, मिली जमानत, सजा पर भी रोक

लखनऊ (आभा)। सपा नेता आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन और बेटे अब्दुल्ला को दो जन्म प्रमाण पत्र के मामले में बड़ी राहत मिल गई है। हाईकोर्ट ने तीनों की सजा पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही तीनों को जमानत भी दे दी है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आजम खान, तंजीन और अब्दुल्ला आजम की आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर यह फैसला सुनाया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 14 मई को फैसला सुरक्षित कर लिया गया था। तीनों फिलहाल अलग अलग जेलों में बंद हैं। हाईकोर्ट से जमानत के बाद भी केवल तंजीन ही बाहर आ सकती हैं। आजम खान को डूंगरपुर मामले में सात साल और छजलेट मामले में भी दो साल की सजा मिली हुई है। इसी तरह अब्दुल्ला आजम को आजम खान के साथ छजलैट के मामले में दो साल की सजा मिली हुई है। दो जन्म प्रमाणपत्र मामले में आजम खान, उनकी पत्नी व बेटे को रामपुर की एमपी–एमएलए विशेष कोर्ट ने सात–सात साल कैद की सजा सुनाई थी। आजम परिवार की तरफ से आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर कर इसे चुनौती दी गई थी। इसके साथ ही जमानत के लिए भी अर्जी दी गई थी।

पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महाधिवक्ता से सवाल किया था कि जब इस मामले में अपराधिक साजिश की धारा 120 बी को जोड़ा गया तो इस धारा के तहत साक्ष्य क्यों नहीं जुटाए गए। मामले में अग्रिम विवेचना आदेश क्यों नहीं दिया गया। कोर्ट ने पूछा कि जन्म प्रमाणपत्र जारी करने वाली संस्था नगर निगम के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की गई। क्या जन्म प्रमाणपत्र एक मूल्यवान दस्तावेज है। इसके जवाब में कहा गया कि इसी जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर कई मूल्यवान दस्तावेज तैयार किए गए। महाधिवक्ता सरकार का पक्ष रखने के लिए अदालत से और समय चाहते थे। मगर कोर्ट इस पर सहमत नहीं हुई। आजम खां के वकील पहले ही अपनी बहस पूरी कर चुके थे। कोर्ट ने सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था। विधानसभा चुनाव 2017 में आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम स्वार से सपा के टिकट पर उतरे और जीतकर विधायक चुने गए थे। उनके खिलाफ लड़े नवाब काजिम अली खां उर्फ नावेद मियां तथा बाद में भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने फर्जी जन्म प्रमाणपत्र पर चुनाव लड़ने की शिकायत की थी। इस पर हाईकोर्ट ने अब्दुल्ला का चुनाव रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली थी। अब्दुल्ला आजम के शैक्षिक प्रमाण पत्र में उनकी जन्मतिथि एक जनवरी 1993 दर्ज है और नगर निगम लखनऊ से जारी प्रमाणपत्र में 30 सितंबर 1990 दर्ज है। आजम खां सहित तीनों के खिलाफ फर्जी जन्म प्रमाणपत्र तैयार करने के आरोप में केस दर्ज किया गया था।

गौ आश्रय स्थलों पर चारा–पानी, छाया के विशेष इंतजाम का निर्देश

लखनऊ (आभा)। भीषण गर्मी से गोवंशीय पशुओं को बचाने के लिए गौ आश्रय स्थलों पर चारा–पानी के विशेष इंतजाम के साथ छाया व पंखे–कूलर की भी व्यवस्था की जाएगी। सरकार ने पशुपालन विभाग के साथ–साथ नगर विकास विभाग व सभी जिला प्रशासन को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

शुक्रवार को इस संबंध में पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह के निर्देश पर पशुपालन विभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक भी हुई, जिसमें प्रचंड गर्मी व लू से पशुओं को बचाने के लिए अतिशीघ्र व्यवस्था करने का निर्णय किया गया।

बैठक में प्रदेश में देशी नस्ल सुधार, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि एवं किसानों और पशुपालकों की आय में बढ़ोत्तरी के सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पूरी सिद्दत से लागू करने पर भी बल दिया गया। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान के लक्ष्यों को भी तय समय के भीतर पूरा करने का निर्णय किया गया। बैठक में पशुधन एवं मत्स्य विभाग के प्रमुख सचिव रविन्द्र एवं विशेष सचिव देवेन्द्र पाण्डेय के अलावा पीसीडीएफ के प्रबंध निदेशक आनन्द कुमार, दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल, पशुपालन निदेशक, डा. रघुनाथ सिंह, निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र डा. पीएन सिंह तथा एलडीबी के कार्यकारी अधिकारी डा. नीरज गुप्ता भी मौजूद थे।

"मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता"–वेडेल फिलिप्स

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 25 मई 2024 शनिवार

सम्पादकीय

चुनाव आयोग पर उठती उंगलियां

निश्चित रूप से भारतीय चुनाव आयोग ने पहले चुनाव से लेकर 18वीं लोकसभा के चुनाव संपन्न कराने में एक लंबा सफर तय किया है। लेकिन स्थितियां बहुत तेजी से बदली हैं। पहले चुनाव में महज 17 करोड़ मतदाता थे। अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मौजूदा आम चुनाव में 97 करोड़ मतदाता हैं। इस दौरान पार्टियों की संख्या बढ़ी है, वोटर बढ़े हैं, पोलिंग बूथ बढ़े हैं, पार्टियों के बीच लड़ाइयां तल्ख हुई हैं और चुनाव आयोग के खिलाफ शिकायतें भी तेज हुई हैं। पहले चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन से लेकर टीएन शेषन जैसे सख्त चुनाव आयुक्तों तक ने आयोग को नई प्रतिष्ठा दी है। लेकिन इस बार 543 संसदीय सीटों के लिये सात चरणों में हो रहे मतदान में कई प्रसंग ऐसे घटे कि लोगों ने चुनाव आयोग की साख पर उंगली उठाई। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। जिसमें चुनाव आयोग पर मतदान संबंधी अंतिम आंकड़े देर से जारी करने तथा प्रतिशत वृद्धि का मामला उठाया गया। एडीआर व कॉमन कॉज की ओर से दायर याचिका में बूथों पर मतों की संख्या संबंधी फॉर्म 17–सी की स्कैन कापी आयोग की वेबसाइट पर डालने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में आयोग ने इस मांग को अव्यावहारिक बताया है। साथ ही कहा कि चुनाव की तैयारी एक लंबी प्रक्रिया के बाद पूरी होती है, ऐसा करने से व्यवधान उत्पन्न होगा। इससे पहले विपक्ष सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप भी लगाता रहा है। जबकि आयोग की दलील रही है कि इन्फोर्समेंट एजेंसी उसके अधीन नहीं होती। विपक्ष आयोग को तटस्थ भाव से कार्रवाई करने को कहता रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री द्वारा बांसवाड़ा में दिए गए भाषण में इस्तेमाल जुमलों को संप्रदाय विशेष के विरुद्ध टिप्पणी बताया और आयोग से शिकायत की। आरोप है कि आयोग ने सत्तारूढ़ दल के खिलाफ उदार रवैया दिखाया। प्रधानमंत्री को नोटिस दिए जाने के बजाय भाजपा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। ऐसे ही संविधान पर दिए गए राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष को नसीहत दी गई।

दरअसल, विपक्ष मांग करता रहा है कि मतदान के बाद वोटों का प्रतिशत जारी करने के बजाय डाले गए वोटों की संख्या जारी की जानी चाहिए। दरअसल, विपक्ष आरोप लगाता रहा है कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रवैया अपनाता रहा है। जिसके चलते विपक्ष ने आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का प्रयास किया। उनका कहना है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष अंपायर की भूमिका में नजर आना चाहिए। विपक्ष बांसवाड़ा रैली में प्रधानमंत्री के भाषण पर सख्त कार्रवाई की मांग करता रहा है। इसी तरह आरक्षण, संपत्ति जब्त करने आदि कई विवादित बयान सामने आए। तल्ख टिप्पणियां कांग्रेस के घोषणापत्र को लेकर भी की गई थी। विपक्ष कहता है कि इन टिप्पणियों पर आयोग को कार्रवाई करनी चाहिए। हालांकि, कई पूर्व चुनाव आयुक्त मानते हैं कि यह पहला मौका नहीं जब विपक्ष आयोग पर सवाल उठा रहा है। जैसे–जैसे राजनीतिक दलों में तल्खी बढ़ती है, बीच में आयोग को शामिल कर लिया जाता है। वहीं कुछ गैर सरकारी संगठनों ने मुहिम चलायी कि 'चुनाव आयुक्त दृढ़ता दिखाएं या इस्तीफा दें।' उनका मानना रहा है कि आचार संहिता के उल्लंघन के दौरान आयोग सक्रिय नहीं हुआ। कुछ पूर्व चुनाव आयुक्त कहते हैं कि मतदान के बाद दूर–दराज के इलाके से मतदान के अंतिम आंकड़े आने में वक्त लगता है। इसलिए अंतिम आंकड़े अगले दिन जारी किये जाते हैं। वहीं चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष के एक सवाल के जवाब में कहा कि इस बाबत समस्त सूचना वोटर टर्नआउट ऐप पर मौजूद है। आयोग का तर्क है कि वोटर टर्न आउट हर केंद्र पर वैधानिक फॉर्म 17–सी पर पीठासीन अधिकारी तैयार करते हैं व उम्मीदवार के मतदान एजेंट उस पर हस्ताक्षर करते हैं। बहरहाल, इसके बावजूद चुनाव आयोग को ध्यान देना चाहिए कि क्यों सार्वजनिक विमर्श में उसकी छवि को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। आयोग को इसका समाधान भी निकालना चाहिए। वहीं विशेषज्ञ मांग कर रहे हैं कि आयोग को अधिकार मिलना चाहिए कि वह आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवार को दंडित कर सके।

लोकतंत्र में दम तोड़ती मर्यादा और भाषा

– दीपक कुमार त्यागी–

भारतीय राजनीति में गली मोहल्ले से लेकर के देश के सर्वोच्च पद तक के चुनावों में आम जनमानस के हितों को पूरा करने की बात का जिक्र हमारे सभी चुनाव लड़ने व लड़वाने वाले लोगों के द्वारा बार–बार ढिंढोरा पीट–पीट कर किया जाता है। इन चंद लोगों के लिए देशहित के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने की बात कहना एक बड़ा अहम चुनावी स्टंट बन गया है। लेकिन यह अलग बात है कि चुनाव जीतते ही देश व आम जनमानस के हित के लिए बड़ी–बड़ी बातें करने वाले इन अधिकांश लोगों के लिए चुनावी वायदे मात्र एक चुनावी जुमला बन करके रह जाते हैं और देश पर सर्वस्व न्यौछावर करने की बात करने वाले यह लोग स्वयं पर ही सर्वस्व न्यौछावर करते हुए अपने हित साधने के लिए लिए देश को भी दांव पर लगाने से बाज नहीं आते हैं। वैसे देश के चुनावी रणों को देखा जाये तो हर स्तर के चुनावों में हमेशा कुछ तो लोकलुभावन वायदे व घोषणएं हमेशा से ही रहती आयी है, जिन वायदों व घोषणाओं के झांसे में आकर के निष्पक्ष रहने वाला मतदाता किसी एक पक्ष को वोट दे कर के चुनावी समर में इनको जीत दिलवा देता है। लेकिन इस बार के लोकसभा चुनावों को देंखें तो पूरे चुनाव प्रचार में मेनिफेस्टो को छोड़ कर के अब तक आम जनमानस को ज्यादा कुछ वायदों का पिटारा हासिल नहीं हो पाया है। देश में अब तक के चरणों के संपन्न हुए लोकसभा के चुनाव प्रचार में गिरती भाषा की मर्यादा, उटपटांग, ऊल–जलूल, कपोल–कल्पित तथ्यहीन बातों व आरोप–प्रत्यारोप का जबरदस्त बोलबाला रहा है, जो प्रगतिशील भारत व सभ्य समाज के लिए किसी भी हाल में उचित नहीं हैं।

इस बार के लोकसभा चुनावों में देश में एक अजीबोगरीब माहौल देखने को मिल रहा है, देश के अधिकांश राजनीतिक दल जनता बीच जाते समय अपनी–अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो की खूबियां बताने की जगह एक दूसरी पार्टी के मेनिफेस्टो की खामियों को गिनवाने में ज्यादा व्यस्त हैं। देश की चुनावी रणभूमि में अब तो पूरा का पूरा चुनाव प्रचार जाति–धर्म, आरक्षण व संविधान खघ्तरे में है, पाकिस्तान जैसे विफल देश के कपोल–कल्पित खतघ्रे आदि के बिना सिर–पैर के मुद्दों में अटघ्क कर रह गया है। जो स्थिति भविष्य में देश की एकता, अखंडता, सर्वांगीण विकास और विकसित भारत के सपने में एक बड़ी बाधा बन सकती है।

वैसे जब कुछ माह पूर्व देश में जिस वक्त हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अयोध्या धाम में दिव्य व भव्य मंदिर में मूर्ति की प्राण–प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह चल रहा था, तो उस वक्त अधिकांश लोगों को लगता था कि अबकी बार देश के लोकसभा के चुनावी समर में सनातन धर्म के सभी अनुयायियों के बीच जातियों की सीमाएं पूरी तरह से समाप्त हो जायेगी और लोकसभा चुनावों की रणभूमि में केवल और केवल विकास के मुद्दों पर जगह–जगह विस्तार से चर्चा होगी। जाति–धर्म, आरक्षण आदि पर बोले जाने वाले तरह–तरह के चुनावी जुमले इस बार पूरी तरह से चुनाव प्रचार से गायब होंगे। लेकिन अफसोस जैसे–जैसे चुनावी रणभूमि में पक्ष–विपक्ष की सेनाएं आमने–सामने आयी वैसे–वैसे ही विकास व आम जनमानस से जुड़े मुद्दे ना जाने एक–एक करके कैसे कहां गायब हो गये और उनकी जगह जाति की आड़ में लोगों को बरगलाने वाले जहरीली बयानों ने ले ली, धर्म के नाम पर आम जनमानस की भावनाओं से खेलने वाले माहौल ने ले ली। जब चुनाव कुछ आगे बढ़ा तो देश में अचानक से ही आरक्षण खघ्तरे में व संविधान खघ्तरे में आ गया और सभी को उसी में उलझाकर के रख दिया। वैसे देखा जाये तो इस बार के चुनावों में देश को नयी दिशा देने का दंभ भरने वाले अधिकांश लोगों ने पूरे चुनाव प्रचार में आम जनमानस के हित को पीछे छोड़ करके समाज के आपसी प्यार व भाईचारे से ओतप्रोत सामाजिक ताने–बाने को छिन्न–भिन्न करने की कसम खा ली है। इन चंद लोगों ने अपने क्षणिक स्वार्थ की पूर्ति करने के लिए जरा भी यह नहीं सोचा है कि उनके द्वारा बोयी जा रही इस बेहद ही जहरीली फसल का परिणाम भविष्य में देश के आम जनमानस को ना जाने कितने दशकों तक भोगना पड़ेगा और सबसे बड़ी चिंताजनक बात यह रही है कि चुनाव आयोग की मशीनरी चुनाव प्रचार के दौरान इस सब पर लगाम लगाने में अब तक तो पूरी तरह से विफल रही है।

पूरब और पश्चिम का द्वंद और शक्ति संतुलन



–टीएन नाइनन–

पश्चिमी जगत और बाकी की दुनिया के बीच बढ़ते जा रहे मुकाबले में, अब यह स्पष्ट है कि भले पश्चिम के हाथ में अभी भी अधिक ताकत हो किंतु वह कमजोर पड़ता जा रहा है। एशिया–प्रशांत क्षेत्र में, अमेरिका की नौसेना का रुख अब 'दबदबे' वाली भूमिका से बदलकर 'प्रतिरोधक' में तब्दील हो गया है। आर्थिक परिधि में भी, अमेरिका का रवैया आक्रामकता से (तकनीक पर प्रतिबंध, व्यापार पर रोक और आर्थिक नाकाबंदी) से बदलकर रक्षात्मक (अमेरिकी बाजार में आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त कर लगाना) हो गया है। और यूक्रेन को मिला पश्चिमी समर्थन रूस को नहीं रोक पाया। माओ ने शायद समय से पहले ही घोषणा कर दी थी रू 'एक दिन पूरब की हवा पश्चिमी वायुमंडल पर छा जाएगी।' और अब यह होना शुरू हो गया है।

सालों तक, पश्चिमी विश्लेषकों और पत्रकारों ने चीन और रूस को पढ़ने में चूक की है। रूस को तो वे आर्थिक रूप से बहुत कमजोर मानते रहे और व्लादिमीर पुतिन को राजनीतिक रूप से चुनौती देने लायक समझते रहे। दशकों पहले चीन के भरभराकर ढहने की भविष्यवाणी भी की गई थी और हाल में उसे समस्याओं से घिरा बताते रहे। फिर भी रूस ने पश्चिमी प्रतिबंधों का अप्रत्याशित रूप से डटकर सामना किया, यूक्रेन में उसका हाथ ऊपर है और पुतिन ने एक बार फिर चुनाव में कार्यकाल अर्जित किया। इसी दौरान, तुलनात्मक आय स्तर वाली अर्थव्यवस्थाओं में चीन सबसे तेजी से बढ़ती आर्थिकी बना रहा।

अमेरिका द्वारा चीन से आयातित कुछ वस्तुओं पर लगाए करों में तीखी वृद्धि पूर्ण–स्तरीय व्यापार युद्ध को चालू करने का बायस नहीं बन पाई क्योंकि इसके निशाने पर वह वस्तुएं हैं जिनकी बिक्री चीन अमेरिका में ज्यादा नहीं करता। इसलिए यह प्रतीकात्मक कदम मुख्यतः राष्ट्रपति बाइडेन के घरेलू राजनीतिक हितों को साधने की गरज है। भले ही चीन निशाने पर ली गई इन वस्तुओं में बहुतों का बड़ा उत्पादक है लेकिन वह अपने माल के लिए अन्य मंडियां तलाश लेगा। बल्कि यह अमेरिकी आयातक हैं जिनके पास कुछ वस्तुओं को मंगवाने के वैकल्पिक स्रोत नहीं हैं, फिर चीन तीसरे देश में लगाए अपने कारखानों की मार्फत इन वस्तुओं को अमेरिका पहुंचा सकता है। इसी बीच, अमेरिकी उपभोक्ता महंगा माल खरीदने के लिए विवश रहेंगे।

इस प्रकार के रक्षात्मक खेल (जो कि भारी सब्सिडी देकर अमेरिकी उत्पादकता को फिर से जिंदा करने का दूसरा पहलू है) पहले अपनाए गए आक्रामक रुख के विपरीत है। उम्मीद यह थी कि उक्त आक्रामक कदम अमेरिका के दुश्मनों की घेराबंदी करेंगे। कोई शक नहीं कि प्रतिबंधों से चुभन होती है (जैसा कि हमेशा प्रतिबंधों के मामले में होता है) लेकिन इसका असर आंशिक रहा। रूस ने अपने तेल एवं गैस के लिए नए ग्राहक ढूंढ़ लिए जबकि पूरबी यूरोप को अपनी ऊर्जा जरूरतों के अहम स्रोतों के तौर पर सस्ती रूसी गैस से हाथ धोना पड़ा, जिससे जर्मनी जैसे मुल्क की भी आर्थिकी हिल गई। इसी बीच, रूसी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी होती गई।

रूस और चीन, दोनों ने भुगतान का नया तरीका विकसित कर लिया और इससे डॉलर पर निर्भरता न रही (अब इनका 95 फीसदी व्यापार स्थानीय मुद्रा में हो रहा है), यहां तक कि एक अलग 'स्विफ्ट' नामक बैंकिंग संचार प्रणाली भी विकसित कर ली है। रूस के रिजर्व खजाने में आज डॉलर के मुकाबले चीनी मुद्रा रेनमीबिस का भंडार अधिक है। उधार चीन अपना धन सोने में बदल रहा है, जिसके लिए पिछले 18 महीनों में भारी स्वर्ण खरीदारी की है। भले ही पीपुल्स बैंक ऑफ चाईना का वर्तमान 2,250 टन सोना कुल रिजर्व भंडार का 5 प्रतिशत से भी कम है, लेकिन आज तक की तारीख तक यह मात्रा सबसे अधिक है।

जहां तक तकनीक का मामला है, किसी अन्य देश के मुकाबले चीन इस क्षेत्र में अधिक तेजी से तरक्की कर रहा है। स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और लिथियम बैटरी से चालित वाहन या अन्य उपकरणों में प्रयुक्त इस विशेष जरूरत की आपूर्ति के मामले में चीन बाकी देशों से कहीं आगे है और कुछ मंडियों में अपनी धाक बना चुका है। अब वह इलेक्ट्रॉनिक्स, लाइफ साइंस और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में नई खोज के बूते लंबी छलांग लगाने में सक्षम है।

उदाहरणार्थ, हुआवे ने हाल ही में 7 नैनोमीटर वाली चिप से युक्त अपने नए स्मार्ट फोन से पश्चिमी जगत को चौंका डाला और अब 5 नैनोमीटर वाली चिप तैयार करने पर काम चल रहा है। उसने अगले साल तक चिप निर्माण में 75 फीसदी आत्मनिर्भरता पाने का लक्ष्य रखा है। इसी बीच, पश्चिमी देशों की दवा उत्पादक कंपनियों ने भी शंघाई के निकट सुजहोऊ में बायो–वे जैसे विशालकाय नवोन्मेषण केंद्र में बायोफार्मा और लाइफ साइंस में हो रही तरक्की के बूते चीन की उभरती सरदारी को मान्यता दी है। रक्षा क्षेत्र में, चीन अपना चौथा विमानवाहक पोत बना रहा है जो शायद परमाणु ऊर्जा चालित होगा, यह एक अन्य तकनीक बाधा लांघने का प्रतीक है। सच्चाई यह है कि चीन के तकनीक विकास रथ को रोकने में बहुत देर हो चुकी है।

रक्षा मोर्चे पर, पश्चिमी टिप्पणीकारों को इस संभावित उलटफेर की चिंता सता रही है कि कहीं रूस यूक्रेन में अपने मंसूबों में सफल हो गया तो आगे बाकी अध्र्–बर्बाद देश को न कब्जा ले। यदि डोनाल्ड ट्रंप की वापसी बतौर राष्ट्रपति हो गई और उन्होंने नाटो संगठन से किनारा करने की अपनी पूर्व धमकी पर अमल कर डाला, तो हालात और बदतर हो सकते हैं। मानव संसाधन, उपकरण, युद्धक सक्षमता और उत्पादक क्षमता में अत्यधिक तंगदस्ती के चलते समूचा यूरोप शीतयुद्ध काल के बाद से लेकर आज के वक्त तक, एकाएक खुद को अधिक जोखिम में महसूस करने लगा है। यूरोपियन देशों का रक्षा बजट पिछले कुछ सालों से सकल घरेलू उत्पाद के तयशुदा ऊपरी अधिकतम स्तर यानी 2 फीसदी को छू गया है। लेकिन अमेरिकी मदद के आश्वासन के बिना यूरोप को व्यवहार्य रक्षा निर्भरता बनाने में कम से कम एक दशक का वक्त लगेगादृ इसमें अमेरिका प्रदत्त परमाणु सुरक्षा चक्र का जिक्र नहीं है।

वहीं इसके मुकाबले, रूस और चीन परस्पर सहयोग बनाने में अग्रसर हुए हैं और विश्व में अन्य जगहों पर राजनयिक रूप से नंबर बनाने में सफल हुए हैं। सीरिया में रूस ने सफलतापूर्वक अपना पत्ता चला है और अब वह ईरान से ड्रोन प्राप्त कर रहा है। पिछले साल चीन ने मध्यस्थता करके ईरान और सऊदी अरब के बीच रिश्तों को सामान्य बनवाया। जहां अफ्रीका में चीन इस महाद्वीप के मुल्कों की धन संबंधी जरूरत पूरा करने में अमेरिका से ज्यादा पैसा दे रहा है वहीं एक के बाद एक देश फ्रांसिसी और अमेरिकी सैनिकों को बाहर का रास्ता दिखा रहे हैं और उनकी जगह रक्षा के लिए रूसी सैनिकों को आमंत्रित कर रहे हैं। यहां तक कि दक्षिण–पूर्वी एशिया में भी, वे मुल्क जिनकी अर्थव्यवस्था चीन से जुड़ी हुई है और इस रिश्ते में इजाफा हो रहा है, वे अमेरिका और चीन के बीच चुनाव करने में भेद नहीं करना चाहते। जैसा कि यूक्रेन को दिए जाने हथियारों के मामले में देखने को मिला, अमेरिका ने अपने रवैये से बार–बार दिखा दिया है कि वह एक गैर–भरोसे योग्य मददगार है।

पश्चिमी टिप्पणीकार इस तर्क से दलील देते हैं कि चूंकि लंबे अर्से से चीन का एकमेव ध्येय अपने व्यापारिक उद्देश्यों की पूर्ति करना है और इसके लिए तगड़ी सरकारी सहायता देकर उद्योगों को बढ़ावा दे रहा है और अपनी मुद्रा की कीमत में इजाफा किए बगैर अन्य देशों के साथ बहुत बड़ा व्यापारिक आयात–निर्यात असंतुलन पैदा कर रहा है इसलिए देर से सही उसने पश्चिमी जगत को प्रतिरोधक उपाय करने को जगाया है। यह सही भी है। किंतु जो बात वे साथ नहीं जोड़ते वह यह कि चीन के पास अपनी अति प्रतिस्पर्धात्मक घरेलू मंडी है। उदाहरणार्थ, चीन के भीतर, इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली और कुछ नहीं तो 135 कंपनियां हैं। जाहिर है जो सबसे योग्य होगा वह बचेगा, इसलिए दुनियाभर में बीवाईडी अग्रणी इलेक्ट्रिक कार कंपनी बनने को अग्रसर है।

तथापि यदि माल खपाने के लिए बड़ी मंडियों से महरूम कर दिया जाए तो चीनी उत्पादक कंपनियों की क्षमता के लिए यह बाधा एक बड़ी चुनौती हो जाएगी। किंतु भारत का अनुभव बताता है, उच्च आयात कर की दीवार खड़ी करके भी चीनी माल को आने से नहीं रोका जा सकता। आज की दुनिया में, चाहे विषय रक्षा का हो या तकनीक की तरक्की का या फिर उत्पादकता एवं व्यापार की ताकत का या राजनयिक चतुराईदृ संक्षेप में कहें तो वैश्विक शक्ति संतुलनदृ पूर्वी हवा की ताब पहले से कहीं अधिक है।–लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

युवाओं में शक्ति, सामर्थ्य

–संजीव ठाकुर–

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, वर्तमान का कठोर श्रम सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर होता है। इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि ष्आशाओं पर आकाश टिका हुआ हैष और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है। दार्शनिक भी कहते हैं कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए एक बेहतर और अच्छी शुरुआत सफलता का बहुत बड़ा हिस्सा होती है। हम संभावनाओं के दम पर जो हमें निरंतर प्रेरित करती है अपना पहला कदम उठाकर सफलता सुनिश्चित करते हैं। जीवन की कटु सच्चाई तथा जिंदगी के उतार–चढ़ाव को झेलने के लिए एवं सफलता की ओर अग्रसर होने के लिए हमें आशा एवं सकारात्मक सोच की सदैव मदद करती इसके बिना किसी सफलता के बारे में सोचना भी बेमानी होगा। संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए हमें अपने संपूर्ण मनोबल के साथ उस कार्य को अंजाम देने के लिए अपनी तरफ से पूरी पूरी कोशिश करनी होगी एवं लक्ष्य के साथ दे तथा साधनों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर उस के संदर्भ में उसके अंतर्निहित हर तत्व को भलीभांति पहचान कर उस पर मेहनत करनी होगी अन्यथा बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए यदि मेहनत और कठोर श्रम न किया जाए तो असफलता ही हाथ लगती है ।यही वजह है कि जिन भी बड़े लोगों ने बड़ी सफलता प्राप्त की है निसंदेह उन्होंने कठिन परिश्रम अपने लक्ष्य के लिए किया था, है और करेंगे। हर बड़े कार्य को करने के लिए अच्छी योजना ,अच्छा आकलन एवं उस सफलता को अपना बनाने के लिए सही विचार तथा नीतियां बनानी होगी एवं अपने उपलब्ध संसाधनों का विश्लेषण तथा अवलोकन कर उसकी क्षमता का आकलन करना होगा। केवल हवा में सकारात्मक सोच और मनोबल के दम पर किसी बड़े लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उत्तम एवं बड़े सकारात्मक लक्ष्य की प्राप्ति के लिए एक बड़ी सोच अथक मेहनत एक सुनियोजित नीति एवं पृष्ठभूमि में शांत चित्त मस्तिष्क की आवश्यकता होती है।

सर्वप्रथम हमारे सामने जो उपलब्ध वर्तमान का समय है वर्तमान के अवसर संपूर्ण सदुपयोग कर भविष्य की तमाम सफलताओं को सुनिश्चित किया जा सकता है। हमें सदैव चौकन्ना रहकर जो हमारे सामने समय सीमा है एवं समय के अवसर हैं उन्हें पहचान कर उसका संपूर्ण दोहन कर उपलब्ध संसाधनों का परीक्षण कर समेकित रूप से सब का समुचित उपयोग कर लक्ष्य की प्राप्ति की ओर जागृत होना चाहिए। जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री ने कहा की करोना काल में हमें आपदा में अवसर की तलाश करनी चाहिए और अवसर ही हमें किसी भी विकट परिस्थिति से लड़ने एवं उस पर नियंत्रण रखने की शक्ति एवं ऊर्जा प्रदान करते हैं। यह सकारात्मक सोच का ही परिणाम है की कोविड–19 के संक्रमण में भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में उस पर प्रभावी नियंत्रण किया एवं उस पर विजय प्राप्त की है।

संविधान के खिलाफ है मुसलमानों को आरक्षण, सीएम योगी ने विपक्ष को रिजर्वेशन पर भी घेरा

संवाददाता–महराजगंज। लोकसभा चुनाव में विपक्ष खासकर इंडिया गठबंधन ने मोदी सरकार को संविधान और आरक्षण को लेकर घेरा है। लगातार सरकार पर हमले कर रहे हैं। विपक्ष के हमले का जवाब उन्हीं के अंदाज में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजगंज में दिया है। सीएम योगी ने शुक्रवार को कहा कि आरक्षण को लेकर हो हल्ला मचाने वाले विपक्षी दलों के गठबंधन ने संविधान के साथ सबसे ज्यादा खिलवाड़ किया है और देश को नुकसान पहुंचाया है। कांग्रेस ने सत्ता के लिए पहले देश का विभाजन किया, फिर देश के सामाजिक ताने–बाने को छिन्न–भिन्न किया। ये कहते हैं कि हम संविधान बदलकर ओबीसी के आरक्षण में सेंधमारी करके मुसलमानों को दे देंगे। ये देश के खिलाफ गहरी साजिश रच रहे हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं कर सकते हैं। इसी के तहत पश्चिम बंगाल में कांग्रेस की सहयोगी तृणूल कांग्रेस पार्टी ने ओबीसी का सारा आरक्षण मुसलमानों को दे दिया था। इस पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार देते हुए इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि देश में मुसलमान आरक्षण पाने के अधिकारी नहीं हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि संविधान के तहत अनुसूचित जाति, जनजाति और मंडल कमीशन के तहत ओबीसी जातियों को ही आरक्षण पाने का अधिकार है। यह आरक्षण धार्मिक आधार पर नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण देश के विभाजन की नींव डालने जैसा है। वर्ष 1947 में भारत का विभाजन हो चुका है, अब दूसरा विभाजन नहीं होने देंगे।

फरेंदा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने केंद्रीय मंत्री और लोकसभा प्रत्याशी पंकज चौधरी के पक्ष में वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में रामलला अपने दव्यि मंदिर में विराजमान हैं। यह डबल इंजन की सरकार की वजह से साकार हो सका है। यह आपके वोट की ताकत से हुआ है। ऐसे में आपको अपने वोट की ताकत से हिंदू और सनातन विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब देना है।

वहीं सपा और कांग्रेस की सरकार में सारा पैसा कब्रस्तान की बाउंड्री के लिये दिया जाता था। उस दौरान गांव में गरीब की जमीन पर चार लोग टोपी पहनकर पहुंचते थे और जबरन बाउंड्री बना करके कब्रस्तान का बोर्ड लगा देते थे। वहीं आज यह पैसा भारत की विरासत और भारत के देवालयों को सजाने में खर्च होता है। इसके साथ ही यात्रियों और श्रद्धालुओं की सुविधा में खर्च हो रहा है। एक–एक करके हर एक स्थान को भव्य स्वरूप देने के साथ आम जनमानस की भावनाओं का सम्मान किया जा रहा है। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी, राजद, आप समेत अन्य पार्टियां बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की विरोधी रही हैं। उन्होंने बाबा साहब को चुनाव हराया था। इंडी गठबंधन में शामिल सपा ने अपनी सरकार में प्रदेश में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, कांशीराम के नाम पर जो संस्थान बने थे, उन सभी नाम को हटा दिया था।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुये उन्होने कहा हल्ल वह कहते थे कि राजधानी लखनऊ में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, साहू जी महाराज, सावत्रीबाई फुले जैसे जितने भी महापुरुषों के स्मारक बने हैं, उन सभी को तोड़ देंगे। अपने स्वार्थ के लिए संविधान के साथ छेड़छाड़ करना, देश में इमरजेंसी लगाना, भारत की भावना के साथ खिलवाड़ करना आदि ये सब कांग्रेस और इंडी गठबंधन की फितरत रही है। कांग्रेस आज भी वही शरारत पर उतारू है। इनके मेनिफेस्टो में खतरनाक घोषणा इसका प्रमाण हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज महराजगंज विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। इसी के तहत आनंदनगर से सिसवा तक पूरी रेल लाइन की स्वीकृत हो चुकी है। जल्द ही कार्य प्रारंभ होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले महाराजगंज की सड़कें सबसे खराब मानी जाती थी जबकि आज हाइवे और चकाचक सड़कें देखने को मिलती है। यह आपके सही जगह दिये वोट से संभव हो पाया है। यहां मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो गया है। महाराजगंज और गोरखपुर में एम्स बन गया है। यहां फर्टिलाइजर फैक्ट्री भी चालू हो गयी है। सद्धिार्थनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि इसी महराजगंज के वनटांगिया गांव में 18 बस्तियों के लोग दर–दर की ठोकर खाने को मजबूर थे। आज उन्हें रिवेन्यू विलेज के रूप में मान्यता दे दी गई है। ऐसे में उन्हे आजादी के बाद पहली बार एहसास हुआ है कि वह भी आजाद भारत के नागरिक हैं। वह आज सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं, उनके मकान बन रहे हैं। घरों में बिजली की सप्लाई हो रही है। सड़कें उनके घर तक जा रही हैं। वहां डबल इंजन की सरकार उन्हे सारी सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। योगी ने यहां कार्बनिक और इंटीग्रेटेड फार्मिंग करने वालों की सराहना की और कहा कि आज प्रदेश से इंसेफेलाइटिस और माफिया को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। अब इंसेफेलाइटिस से बच्चों की मौत नहीं होती है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन देश में पर्सनल लॉ लागू करने की बात कहता है। इसका मतलब वह तालिबानी शासन लागू करना चाहता है, जिसमें बेटियों को स्कूल और महिलाओं को बाजार नहीं जाने दिया जाएगा। उन्हे बुर्का पहनना पड़ेगा। हम ऐसा नहीं होने देंगे। वह यह जान लें कि नया भारत है।

भारत शरीयत से नहीं संविधान से चलेगा, इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो लौट आएगा माफिया–गुंडाराज –सीएम योगी

संवाददाता–देवरिया। पथरदेवा विधानसभा क्षेत्र के नवतप्पी इंटर कॉलेज रामपुरगढ़ के मैदान में शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि हमने माफियाओं का राम नाम सत्य किया हैद। इस चुनाव में एक तरफ रामभक्तों की टीम हैद, तो वहीं दूसरी तरफ राम भक्तों पर गोलियां चलाने वालों का गठबंधन हैद। यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से माफिया व गुंडाराज लौट आएगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा का एनडीए गठबंधन हैद, जिसकी सरकार में माफियाराज और गुंडाराज का खात्मा हुआ हैद। दूसरी तरफ सपा–कांग्रेस का गठबंधन हैद, जिसकी सरकार में आतंकवादी घटनाएं होती हैं। इन लोगों ने नाम तो नया बनाया हैद, लेकिन माल वही पुराना हैद। जब इनकी सरकार होती हैद तब अयोध्या में रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती हैं। वाराणसी के संकट मोचन मंदिर पर आतंकवादी हमला होता हैद। जब हमारी सरकार आती हैद तो आतंकवादी या तो जेल में होते हैं या उनकी जगह कब्र में होती हैद। सपा–कांग्रेस गठबंधन को आतंकवाद व नक्सलवाद खत्म करने की चिंता

नहीं है, इन लोगों को आतंकवादी घटना में शामिल लोगों के मुकदमे वापस करने की चिंता सताती है।

इंडिया गठबंधन के लोग यह झूठ फैला रहे हैं कि अबकी बार यदि भाजपा की सरकार बनी तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। सीएम योगी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के संविधान के साथ सबसे अधिक खिलवाड़ कांग्रेस ने किया। पहले उसने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को चुनाव हराया। फिर भारतीय संविधान के साथ छेड़छाड़ किया। जब तक मोदी जी रहेंगे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होने देंगे। राम मंदिर निर्माण का पुण्य जो आपके माथे पर चढ़ा हैद, गोकशी करने वालों का साथ देकर क्या आप उस पुण्य को नष्ट करेंगे। उन्होंने कहा, भारत शरीयत से नहीं संविधान से चलेगा। हम कत्तई शरीयत से देश को नहीं चलने देंगे। आज पूरा देश कह रहा हैद फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 के पार। इसके लिए हमें घर–घर जाकर लोगों से अपील कर कमल खिलाकर मोदी जी के नेतृत्व में फिर एक बार सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हुई हैं। सरकार ने सेना के जवानों का सम्मान बढ़ाया हैद। सेना में लेफ्टिनेंट जनरल रहे श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के बेटे शशांक मणि त्रिपाठी को देवरिया अपना प्रत्याशी बनाकर एक तरह से सेना और और सेना के जवानों का सम्मान किया हैद। देवरिया के लोगों का यह दायित्व बनता हैद कि यहां से रिकॉर्ड मतों से भाजपा प्रत्याशी को जीतकर भेजें और देश के सैनिकों का सम्मान करें।

अयोध्या में बन गया राम मंदिर, सरकार बनते ही मथुरा की बारी –ब्रजेश पाठक

संवाददाता–देवरिया। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को सलेमपुर सेंट पॉल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भाजपा प्रत्याशी रविंदर कुशवाहा के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित किया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ढाई महीने से रोज चुनाव प्रचार में जगह–जगह आप के बीच जाने का अवसर मिल रहा है। जनता का अपार स्नेह मिल रहा है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि लड़ाई एक तरफ राम मंदिर बनवाने वाले राम भक्तों से है तो दूसरी तरफ कार सेवकों पर गोली चलवाने वाले लोगों के बीच है। तय आपको करना है कि आप किसकी तरफ रहेंगे। समाजवादी पार्टी की सरकार ने भक्तों पर गोलियां चलवाईं, जिससे अयोध्या नगरी खून से लाल हो गई थी। डिप्टी सीएम ने भाजपा प्रत्याशी की जीत का दावा किया और कहा कि भाजपा जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्य करती है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि भीड़ बता रही है कि भाजपा प्रचंड बहुमत से चुनाव जीत रही है। अयोध्या में भव्य मंदिर बनाया गया, अब सरकार बनते ही मथुरा की बारी है। मथुरा में कृष्ण भगवान बांसुरी बजाकर इंतजार कर रहे हैं। आप मोदी जी के हाथों के मजबूत कीजिए। जल्द ही अदालत के माध्यम से भगवान कृष्ण पूरी दुनिया के सामने बांसुरी बजाते नजर आएंगे। इस दौरान पूर्व विधायक काली प्रसाद, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव, मझौली राज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक प्रताप मल्ल, ब्रिजेश दूबे, अश्वनी सिंह, जटाशंकर दूबे, अजय प्रताप सिंह उर्फ पिंटू चौधरी,विनोद मिश्रा, अशोक कुशवाहा, रजवंत सिंह, रूपेश श्रीवास्तव, मुरली मिश्रा, जीतेंद्र सिंह, विनोद शंकर दूबे, अजय दूबे, बलबीर सिंह दादा, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, त्रिपुणाय विश्वकर्मा, अरविंद पांडेय, राहुल सिंह, अर्चना पांडेय, निर्मला गौतम आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश तिवारी ने की।

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपत्ति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति गंभीर

संवाददाता–श्रावस्ती। चौबे जोत से बलरामपुर जा रहे मोटरसाइकिल सवार दंपत्ति को शुक्रवार बलरामपुर सीमा पर किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को सीएचसी इकौना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया। जबकि पति की हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया है। बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम शेखरपुर निवासी अखिलेश कुमार कश्यप (25) पुत्र रामचंदर कश्यप का विवाह तीन माह पूर्व इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम इकौना देहात के मजरा चौबे जोत निवासी नीतू कश्यप (21) पुत्री दुर्गा प्रसाद के साथ हुआ था। शुक्रवार को अखिलेश मोटरसाइकिल से नीतू को लेकर अपने घर शेखरपुर जा रहा था। जैसे ही अखिलेश मोटरसाइकिल लेकर बौद्ध परिपथ स्थित बलरामपुर सीमा क्षेत्र के घुघुरपुर गांव के निकट पहुंचा। उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर तेज होने के कारण दंपत्ति मोटरसाइकिल सहित मार्ग किनारे खड्ड में जा गिरे। घटना में दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वाहन चालक मौके पर रुके बिना बलरामपुर जिले की ओर वाहन सहित फरार हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायल दंपत्ति को सीएचसी इकौना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने नीतू को मृत घोषित कर दिया। जबकि अखिलेश की हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

भगवान श्री कूर्मनारायण का मनाया गया 125 वां ब्रह्मोत्सव

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

अयोध्या। भगवान श्री राम की जन्मस्थली श्रीधाम अयोध्या के विभीषण कुंड मोहल्ले में स्थित नेपाली मंदिर में अनंत श्री विभूषित श्री कूर्मनारायण पीठाधीश्वर स्वामी हरिप्रपन्नाचार्य महाराज के संयोजन में भगवान श्री कूर्मनारायण का मनाया गया 125 वां ब्रह्मोत्सव।त्रिदिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस की बेला में कलश स्थापना, श्री विश्वकसेन आराधना, सुदर्शनशतक चतुर्वेद पारायण, श्रीमद्भागवन महापुराण, श्रीमद्वाल्मीकिय रामायण, श्री विष्णुसहस्रनाम आदि स्तोत्र पारायण किया गया और शाम को भजन संध्या महा आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। द्वितीय दिवस की बेला में श्री श्री विश्वकसेन अराधना, सुदर्शनशतक चतुर्वेद पारायण, श्रीमद्भागवत महापुराण रात्रि 8 बजे तक हुआ और वैशाख पूर्णिमा के दिन भगवान कूर्म नारायण ब्रह्मोत्सव मनाया गया प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक श्री विश्वकसेन अराधना, सुदर्शनशतक चतुर्वेद पारायण, श्रीमद्भागवत महापुराण का पारायण पाठ हआ और 10 बजे से महाभिषेक श्रृंगार, महाआरती दर्शन और भगवान की सन्निधि में विशेष रूप से सहस्रआर्चन भी किया गया और उसके साथ महाप्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक स्वामी भारूकराचार्य महाराज आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और बताया कि अयोध्या में वैशाख शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को श्री भगवान कूर्मनारायण विराजमान हुए थे और तभी से भगवान का ब्रह्मोत्सव मनाया जाता है इस वर्ष 125 वां ब्रह्मोत्सव नेपाल मंदिर श्री कूर्म नारायण मंदिर में मनाया गया भगवान का महा अभिषेक हुआ श्रृंगार किया गया और प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या के संतो महंतो और विद्वानों का सान्निध्य प्राप्त हुआ उनके आशीर्वचनों को सुनने का अवसर मिला।

स्वामी प्रसाद मौर्य के ऑफिस में तोड़फोड़, फर्नीचर और केबिन के शीशे को भी किया क्षति

संवाददाता–कुशीनगर। जिले के कसया नगर स्थित पडरौना रोड पर बने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी कार्यालय पर बीती देर रात कुछ उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की। गाड़ी के शीशे के अलावा कार्यालय के फर्नीचर भी तोड़ डाले। ऑफिस में तोड़फोड़ करने का आरोप स्वामी प्रसाद मौर्य ने भाजपा पर लगाया है। स्वामी प्रसाद का आरोप है कि जाते–जाते फायरिंग भी की गई। इसके अलावा बेनेट क्लब के मैदान में भी होने वाले चंद्रशेखर आजाद (रावण) की सभा में भी अवरोध पैदा करने की कोशिश की गई। मौके पर पुलिस गई थी जांच करने के उपरांत सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। शुक्रवार को नगर के बस स्टेशन परिसर के बगल में बेनेट क्लब में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थन में शुक्रवार को होने वाली चंद्रशेखर रावण की जनसभा होने वाली थी। बताया जा रहा है कि स्वामी समर्थकों और कर सवार एक युवक के बीच बस स्टेशन परिसर के समीप किसी बात को लेकर बहासुनी हुई। जिसपर स्वामी समर्थकों ने युवक को पीट दिया। युवक की पिटाई करने के कुछ देर बाद ही स्वामी प्रसाद मौर्य के चुनाव कार्यालय व जनसभा स्थल पर तोड़फोड़ की गई।

प्रभारी निरीक्षक थाना गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि मौके पर पुलिस गई थी। जांच की जा रही है। सीसी टीवी से रिकार्ड खंगाले जा रहे है। केस दर्ज कर लिया गया है। आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद ने एक्स पर इसके लिए भाजपा पर आरोप लगाया है। कहा है कि हम डरने वाले नहीं है। चंद्रशेखर की सभा न हो इसको लेकर अवरोध पैदा किया जा रहा है। स्वामी ने इस घटना को भाजपा का जंगलराज बताया है। उन्होंने कहा, भाजपा अपनी हार से घबराई हुई है। ऐसी घटनाओं में हम बाबा साहब के अनुयायी डरने वाले नहीं हैं।

टेंट के गोदाम में लगी भीषण आग से 20 लाख का नुकसान

संवाददाता–बहराइच। नेपालगंज मार्ग पर स्थित बाबागंज कुट्टी में टेंट के गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें सारा सामान जलकर राख हो गया। 20 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। संचालक किसी के द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुजौली निवासी सैफू सलाम उर्फ बाबू पुत्र अकबर अली टेंट की दुकान का संचालन गांव में करते हैं जबकि 50 मीटर की दूरी पर उनके टेंट का गोदाम है। इस समय लग्न का सीजन खत्म होने के चलते उन्होंने सारा सामान गोदाम में रख दिया था। गुरुवार रात को अज्ञात कारणों से गोदाम में आग लग गई। जिससे गोदाम में रखा सारा सामान जल गया। सुबह सात बजे उन्हें आसपास के लोगों ने आग लगने की सूचना दी। जिस पर सैफू सलाम ने ननापरा दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल विभाग के कर्मचारी जब तक वहां पहुंचे। तब तक सारा सामान जल गया। गोदाम में रखे चार जनरेटर, रोड लाइट, एक बाइक, 50 से अधिक पंखा, रजाई गद्दा, बर्तन और विभिन्न प्रकार के लाइट जल गई। 20 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। टेंट मालिक का कहना है कि गोदाम में बिजली कनेक्शन भी नहीं है। ऐसे में किसी के द्वारा पीछे के होल से ज्वलनशील पदार्थ डाला गया है। जिसमें आग लग गई। हालांकि अभी तक टेंट संचालक ने कोई तहरीर नहीं दी है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच की जाएगी। नानपारा कोतवाली के चंदेला कला गांव निवासी अनिल कुमार चौहान के मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पांच बकरी और पांच बकरे की भी जलकर मौत हो गई। हरदी थाना क्षेत्र के महसी टेपरा गांव निवासी राजेंद्र निषाद पुत्र बेचन मोबाइल की दुकान का संचालन करते हैं। देर रात को मोबाइल की दुकान में आग लग गई जिसमें नए और पुराने मोबाइल जल गए। आग लगने से एक लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

रोडवेज बस और कार की टक्कर में चालक की मौत, पांच की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

संवाददाता–बहराइच। लखनऊ –बहराइच मार्ग जरवल चौकी के सामने शुक्रवार को दोपहर में रोडवेज बस और कार में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक जो कार चालक था उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए। सभी घायलों को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के जरवल कस्बा में पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार दोपहर में लखनऊ से आ रही रोडवेज बस और बहराइच से लखनऊ जा रही सेलेरियो कार में आमने सामने की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार छह लोग थे उसमे एक की मौत पांच घायल हुए। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्ताफाबाद पहुंचाया गया। यहां पर कार सवार लखनऊ के आशियाना निवासी अनुराग त्रिपाठी (30) पुत्र अशोक त्रिपाठी की मौत हो गई। जबकि आशियाना निवासी

उस्मान, बहराइच के बौंडी निवासी ननके (24) पुत्र जग्गू, सरैया निवासी कैलाश (18) पुत्र मैकू, सुनील कुमार (28) पुत्र राम कुमार तेलियनपुरवा चिलवरिया, कैसरगंज के गाजीपुर निवासी अनिल कुमार (30) मुल्कराज घायल हो गए।

सभी घायलों की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। इनमें दो घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के मुताबिक ओवर टेक करने के चक्कर में कार पूरी तरह से बस में घुस गई। प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद ने बताया कि बस और कार को कब्जे में ले लिया गया है। उन्होंने बताया कि चालक और परिचालक हिरासत में है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्यवाई की जायेगी। लखनऊ बहराइच मार्ग पर जरवल चौकी के सामने रोडवेज बस और कार में टक्कर हुई जिसके बाद हाईवे पर जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वाहनों को हटवाया। लगभग आधे घंटे तक लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। इस दौरान अन्य यात्रियों को परेशानी हुई।

अधिकारी करते रहे भ्रमण, मतदान कर्मियों से मिल कर किया उत्साहित

संवाददाता–श्रावस्ती। जिलाधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने लगातार भ्रमणशील रहकर पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर जायजा लिया। इस दौरान सभी पोलिंग पार्टियों को रवाना किया। इसके साथ ही मतदान कर्मियों से मिल कर उन्हें उत्साहित किया और मतदान की शुचिता बनाए रखने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके साथ ही यातायात प्रभारी को पोलिंग पार्टियों के निश्चित मार्ग से जाने के लिए यातायात ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया। कलेक्ट्रेट परिसर में मतदान पार्टियों के बूथों पर रवानगी के समय बढ़ते तापमान और उमस को देखते हुए इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने रेडक्रॉस की तरफ से ठंडे पानी के स्टाल लगाने की व्यवस्था की थी। रेडक्रॉस सचिव व आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया की आपदा विभाग ने हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी मतदान कर्मियों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के निर्देश दिये थे। जिसके उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर में दो स्टाल लगाकर लगातार ठंडे पानी की आपूर्ति की गई। पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री देकर कलेक्ट्रेट से रवाना किया गया। जिन्हें वाहनों का नंबर भी दिया गया। वाहन नंबर लेकर मतदान कर्मी बाहर निकले तो वाहनों की लम्बी लाइन लगी रही। जिसके कारण मतदान कर्मियों को भटकना पड़ा। कलेक्ट्रेट के सामने जाम की स्थिति के कारण वाहनों को निकलने में परेशानी हुई। इसके बाद भी शाम तक सभी पोलिंग पार्टियां अपने अपने मतदान केन्द्रों में पहुंच गईं। लोकसभा चुनाव में मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए वोटर पर्ची के साथ अपना फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। लेकिन ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं। उन्हें अपनी पहचान पत्र सिद्ध करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र दिखाने का विकल्प दिया गया है। जिसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों व डाकघरों से जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय से जारी पहचान पत्र, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के तहतआरजीआई से जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र व राज्य सरकार,लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों से जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र, सांसदों या विधायकों अथवा विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डिसएबिलिटी आईडी(यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार से जारी पहचान पत्र शामिल है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक साथ लाना अनिवार्य होगा।

लोकसभा चुनाव में यदि किसी कारण से वोटर पर्ची नहीं मिली है और मतदाता सूची में नाम है तो वोट डाले जाएंगे। मतदान के दिन बीएलओ मतदान केन्द्र पर मौजूद रहेंगे। जिनके पास मतदाता सूची होगी। मतदाता सूची से नाम देख कर बीएलओ मतदाता सूची नंबर व नाम लिख कर दे देंगे। इसके आधार पर वोट डाला जा सकेगा। लेकिन मतदाता सूची में नाम न होने पर वोट देने का अधिकार नहीं होगा। लेकिन कोई एक वैध पहचान पत्र अपने पास जरूर रखना होगा। जिससे कि पहचान सिद्ध हो सके। मतदान केन्द्रों पर सुबह छह बजे से ही तैयारी शुरू हो जाएगी और पोलिंग एजेंट बना कर सात बजे तक माकपोल करा कर वोटिंग शुरू करा दी जाएगी। इसके लिए मतदान कर्मियों को जरूरी निर्देश दिए गए हैं। मतदान का क्रम शाम छह बजे तक जारी रहेगा। शाम छह बजे तक लाइन में लगने वाले सभी लोगों का मतदान कराया जाएगा। मतदान के दौरान लाइन में लगने वाले लोगों को छाया और पेयजल की व्यवस्था का भी निर्देश दिया गया है। मतदाता अपने वाहन से मतदान करने जा सकते हैं। लेकिन मतदान केन्द्र के 200 मीटर बाहर वाहन रोक देना होगा। इसके बाद पैदल मतदान केन्द्र तक जाकर अपना वोट डालेंगे।

चुनाव ड्यूटी को लेकर मतदान कर्मियों में दिखा उत्साह

संवाददाता–बलरामपुर। मतदान ड्यूटी करने को लेकर कर्मियों में गजब का उत्साह दिखा। चिलचिलाती धूप में अपने छोटे–छोटे बच्चों को कपड़े से ढककर महिला मतदान कार्मिक गोद में लिए ड्यूटी पर जाती दिखाई पड़ी। वहीं विकलांग मतदान कर्मियों में भी काफी उत्साह दिखाई पड़ा। स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को पहुंचे दिव्यांग अमित कुमार ने डीएम से कहा कि साहब मुझे भी ड्यूटी पर जाना है। अमित कुमार के हौसले को देखकर डीएम गदगद हो गए। श्रावस्ती लोकसभा व गैसड़ी विधानसभा उप चुनाव के लिए शनिवार को मतदान होना है। शुक्रवार को निर्वाचन क्षेत्रों के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम से पोलिंग पार्टिया रवाना की जा रही थीं। सुबह नौ बजे से पोलिंग पार्टियां रवाना होनी शुरू हो गईं। नौ बजते–बजते कड़ाके की धूप ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। छांव का कोई समुचित इंतजाम न होने से मतदान कर्मिक पसीने से तर–बतर नजर आए। इन सभी परेशानियों को नजरंदाज करते हुए मतदान कार्मिक ड्यूटी वितरण पत्र लेने को घंटों लाइन में लगे रहे। कई महिलाएं ऐसी भी थीं जिनके पास छोटे–छोटे बच्चे भी थे। बच्चों को धूप से बचाने के लिए महिलाओं ने उन्हें कपड़े से ढक रखा था। गोद में बच्चों को लिए ड्यूटी को निकल रही महिलाएं परेशान दिखीं। वहीं दाहिने पैर से विकालांग अमित कुमार ने डीएम से मिलकर कहा कि साहब मुझे भी ड्यूटी करने जाना है। अमित कुमार के जज्बे को देखकर डीएम गदगद हो गए।

एसएसबी ने ग्रामीणों को वितरित किए कपड़े व किताब

संवाददाता–श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी एसएसबी की ओर से पर्यावरण के लिए जीवन शैली कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती गांवों में एसएसबी जवानों की ओर से ग्रामीणों को कपड़े व किताबों का वितरण किया गया। जिसके लिए बीते दिनों जवानों ने कपड़े व किताबें दान किया था। कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी के निर्देशन में शुक्रवार को एसएसबी की ओर से नई पहल करते हुए कपड़े व किताब वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीमावर्ती गांवों में पहुंचकर एसएसबी जवानों ने ग्रामीणों को कपड़े व किताबों का वितरण किया। वितरण के दौरान ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। साथ ही पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा करने को प्रेरित किया। सहायक कमांडेन्ट केएच नाबा चन्द्र सिंह ने कहा कि इस पहल के माध्यम से सीमांत क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक बनाने का हमारा प्रयास है। हम लोगों को प्रेरित कर रहे हैं कि वे पौधे लगाकर और पर्यावरण की रक्षा के लिए अन्य उपाय करके हमारे साथ जुड़ें।

ज्वाइनिंग से ही 'मुसीबत' बन गया था डॉक्टर, राज खुलने के डर से देता रिजाइन की धमकी

संवाददाता–अयोध्या। जिला अस्पताल में नौकरी कर रहा कथित चिकित्सक भेद खुलने के डर में वीवीआईपी ड्यूटी करने से भागता था। ड्यूटी लगते ही वह त्यागपत्र देने की धमकी तक दे डालता था। विभाग के अधिकारी काफी मान मनौव्वल के बाद उससे ड्यूटी लेने में कामयाब हो पाते थे। यह समस्या एक बार की नहीं बार–बार सामने आती थी, लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी का सामना विभाग को पांच मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के दौरान करना पड़ा। फर्जी चिकित्सक की जिद के आगे मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन को उसके स्थान पर दूसरे का नाम डालने के लिए एसपीजी से लेकर उच्चाधिकारियों तक से चिरौरी करनी पड़ी थी। गत वर्ष सितंबर माह में जिला अस्पताल में फर्जी डिग्री के सहारे विनोद सिंह ने हृदय रोग विशेषज्ञ के पद पर तैनाती ली थी। ज्वाइनिंग के बाद से ही वह विभाग के लिए मुसीबत बन गया था। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ही नहीं उसके बाद भी रामनगरी में आये दिन दर्शन करने के लिए आ रहे वीवीआईपी की ड्यूटी से बचने की उसकी कोशिश से लगाया जा सकता है। ड्यूटी लिस्ट मिलते ही वह जाने से मना कर देता था। उसके बाद दबाव बनाने पर त्यागपत्र देने तक की धमकी कई बाद दे चुका था। सीएमएस के काफी मान मनौव्वल के बाद बमुश्किल ड्यूटी करने जाता था।

हद तो तब पार हो गई जब प्रधानमंत्री के आगमन के दौरान वीवीआईपी ड्यूटी की सूची सीएमओ ने एसपीजी को सौंपी, जिसमें विनोद सिंह का नाम कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में शामिल था, लेकिन उसने पत्नी की तबीयत खराब होने की बात कह कर ड्यूटी करने से इनकार कर दिया। इसके बाद बाद उसे मनाने के लिए जिम्मेदार लग गए, लेकिन उसने किसी की भी नहीं मानी और देर रात तक हंगामा करता रहा, जिसके चलते सीएमओ को एसपीजी से चिकित्सक का नाम बदलने के लिए निवेदन करना पड़ा, लेकिन संभव न होने पर आखिरकार विनोद सिंह को ही ड्यूटी पर जाना पड़ा।

विनोद सिंह की तरफ से ड्यूटी करने से मना करने के बाद एसपीजी से उनके स्थान पर दूसरे को लगाने की वार्ता हो गई थी, लेकिन वह रात में तैयार हो गया और ड्यूटी की थी। बता दें कि डॉक्टर ने छह माह में करीब दो दर्जन से अधिक वीवीआईपी की एंबुलेंस ड्यूटी भी की। इस बीच उस पर शक होने पर सीएमएस की तरफ से वेतन रोक कर डिग्री की जांच का फैसला लिया गया। मामले के तूल पकड़ने पर फर्जी चिकित्सक इस्तीफा देकर गायब हो गया है।

आज शहर में डायवर्ट रहेगा रूट

संवाददाता–सिद्धार्थनगर। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को मतदान समाप्त होने के बाद नवीन मंडी स्थल सिद्धार्थनगर पर ईवीएम जमा कराने के लिए पोलिंग पार्टियों के साथ लगे वाहनों का यातायात व्यवस्था संचालन सुचारू रूप से करने के लिए शहर में वाहनों का रूट डायवर्ट किया गया है।

चुनाव में लगे सभी वाहन जो खेसरहा, बांसी, शोहरतगढ़, चिल्हिया की तरफ से आ रहे हैं, जिन्हे नवीन मंडी में जाना है। ऐसे वाहन सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा, तहसील मोड़ होते हुए नवीन मंडी के सामने रोड पर पोलिंग पार्टी को उतारकर हाईडिल तिराहा, साड़ी तिराहा होते हुए आगे जाएंगे। लोटन, मोहाना, बर्डपुर की तरफ से आ रहे वाहन जिन्हें नवीन मंडी में जाना है ऐसे वाहन पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा,तहसील मोड़ होते हुए नवीन मंडी के सामने रोड पर पोलिंग पार्टी को उतारकर हाईडिल तिराहा, साड़ी तिराहा होते हुए आगे जाएंगे। उस्का बाजार, पकड़ी चौराहा की तरफ से आ रहे वाहन हाईडिल तिराहा पर पोलिंग पार्टी को उतारकर साड़ी तिराहा होते हुए आगे जाएंगे।

सड़क हादसे में दो दरोगा, व्यापारी समेत छह घायल

संवाददाता–गोरखपुर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के तरकुलहा देवी मोड़ के आगे सड़क के कट के पास गुरुवार की देर रात दो कार की आमने–सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एक कार सवार झंगहा थाने में तैनात दो दरोगा, दीवान और दूसरे कार में सवार व्यापारी परिवार के तीन लोग घायल हो गए। हादसे में घायल सभी छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराय गया है, जहां पर उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, झंगहा थाने के माईधिया चौकी पर तैनात संजय गिरी, थाने के एसआई सोनू गुप्ता व दीवान सुरेंद्र यादव कार से गोरखपुर की तरफ जा रहे थे। तरकुलहा गेट के पास गोरखपुर फोरलेन कट पर गाड़ी गई। उसी दौरान चौरीचौरा नगर पंचायत के व्यवसायी प्रमोद सुरेखा के परिवार की कार में टक्कर हो गई। हादसे में दरोगा संजय गिरी, सोनू गुप्ता व दीवान सुरेंद्र यादव घायल हो गए। जबकि, दूसरी कार में सवार नगर पंचायत चौरीचौरा के टाइल्स व बिल्डिंग मेटेरियल कारोबारी अभिनव सुरेका, उनकी मां किरन सुरेका और भाभी काजल सुरेका घायल हो गई हैं। इन्हें चौरीचौरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभिनव सुरेका का मोतीराम में टाइल्स शोरूम है। वह अपने दुकान से सटे घर आ रहे थे। तरकुलहा मेला से कार में सवार होकर झंगहा थाना की पुलिस की कार तरकुलहा देवी मोड़ के आगे सड़क के कट पास दोनों कार में आमने सामने तेज टक्कर हो गई। दरोगा संजय गिरी व दीवान सुरेंद्र को को गंभीर चोंटे लगी है।

सितंबर तक बन जाएगा सप्त ऋषियों का मंदिर –नृपेंद्र मिश्र

संवाददाता–अयोध्या। राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक शुक्रवार को राम जन्मभूमि परिसर में शुरू हुई है। बैठक से पहले राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में बन रहे सप्त ऋषियों के मंदिर का निर्माण कार्य सितंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही राम दरबार की स्थापना की भी तैयारियां तेज हो गई हैं। इसकी ड्राइंग तैयार की जा रही है। इसके बाद किस पत्थर से राम दरबार बनेगा, उसका चयन होगा और मूर्तिकार फाइनल किया जाएगा। इसकी ड्राइंग वासुदेव कामत तैयार कर रहे हैं। उन्होंने राम कथा म्यूजियम के बारे में कहा कि अभी इसका स्वरूप तय नहीं है। इसकी स्क्रिप्ट तैयार की जाएगी, उसी के अनुसार गैलरी बनेगी।

बहू ने सास पर ढाया गजब का जुल्म, पहले पीटा फिर पहुंची थाने



संवाददाता–गोरखपुर। गोरखपुर के गोरखनाथ इलाके में एक अजब ही मामला सामने आया है। आरोप है कि बहू ने पहले सास की पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और फिर खुद थाने पहुंचकर सास पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस भी भेज दी। घर आई पुलिस सास को घायल देखकर दंग हो गई। अब पुलिस बुजुर्ग सास की तहरीर पर बहू और उसकी बेटी पर मारपीट का केस दर्ज कर जांच मामले कर रही है। जानकारी के मुताबिक, राजेंद्रनगर निवासी फूलमती देवी (उम्र 72 वर्ष) पत्नी स्व. शिवशंकर सिंह ने केस दर्ज कराया है। उनका कहना है कि मंगलवार की रात में बहू पिंकी सिंह, अपनी बेटी के साथ मिलकर मारपीट करने लगी। चोट लगने की वजह से हाथ से खून आने लगा और वह गिर गई। इसके बाद बेटा बचाने आया तो उसके ऊपर भी चाकू और डंडा से हमला कर दी और फिर अपने भाई के साथ मायके चली गई। थोड़ी ही देर बाद वह थाने में उत्पीड़न की शिकायत करते हुए उसने पुलिस भेज दिया। बाद में पता चला कि वह घर से चार लाख रुपये कीमत के गहने भी ले गई है। सास का आरोप है कि इस अवस्था में वह ठीक से चल भी नहीं पाती है तो मारपीट कैसे करेगी।

वृद्ध की पिटाई से मौत, चार पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

संवाददाता–गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नम्बर दो में चिलुआ नदी के किनारे अपनी भैंस की तलाश करने गए वृद्ध को मनबढ़ों ने बुरी तरह से पीट दिया। घायल वृद्ध को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था जहां गुरुवार की रात में उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने पिता व तीन पुत्रों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नम्बर दो के सकलदीपुर निवासी पारस का आरोप है कि उसके पिता रामअवतार 21 मई की शाम 7 बजे चिलुआ नदी के किनारे अपनी भैंस खोजने गए थे। आरोप है कि जयराम, योगेंद्र, रविन्द्र एवं राजू ने उसके पिता के साथ गाली गलौज करते हुए बुरी तरह से उनकी पिटाई कर दी। आरोप है कि जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए रॉड एवं ईंट आदि से मारपीट कर नदी के किनारे फेंक दिए। मारपीट में राम अवतार का हाथ परैक्चर होने के साथ ही उन्हें गम्भीर चोट आई थी। घटना की सूचना गांव के ही एक व्यक्ति ने परिवारीजनों दी। घरवाले उन्हें घायलावस्था में घर लेकर आए और डायल 112 पर सूचना दी। बुजुर्ग का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। रात करीब नौ बजे उनकी मौत हो गई।

पीपीगंज में सड़क हादसे में युवक की मौत

संवाददाता–गोरखपुर। नगर पंचायत पीपीगंज के वार्ड संख्या 16 निवासी रामू चौहान (26) किसी कार्य से पीपीगंज जसवल मार्ग पर जा रहा था कि भरोहिया गांव के पास मोड़ पर अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पीपीगंज पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। सीसीटीवी फुटेज के सहारे वाहन की तलाश की जा रही है।

नगालैंड के राज्यपाल ने किए रामलला के दर्शन

संवाददाता–अयोध्या। नगालैंड के राज्यपाल ने शुक्रवार को अयोध्या में दर्शन–पूजन किया। इस दौरान वह बेहद खुश नजर आए और अयोध्या के पुराने दिनों को याद किया। नगालैंड के राज्यपाल श्रीला गणेशन शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। वे दर्शन–पूजन कर निहाल नजर आए। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से राज्यपाल का अभिनंदन किया गया। राज्यपाल ने कहा कि काफी साल पहले अयोध्या आया था, लेकिन तब मंदिर नहीं बना था। प्रभु रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद पहली बार अयोध्या आया हूं। कल्याण सिंह जब मुख्यमंत्री थे, तब अयोध्या आने का मौका मिला था। पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में बहुत बड़ा फर्क दिख रहा है। पूरे देश को अयोध्या से स्फूर्ति मिल रही है।

बहुजन समाज बसपा के साथ–शमीम

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बांसी (सिद्धार्थनगर)। लोक सभा चुनाव में नामांकन के दिन कार्यकर्ताओ के भारी विरोध का सामना कर चुके बसपा के जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने कहा कि रूठे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को लेकर कोई सन्देह नहीं है सभी को मना लिया गया है। सभी का पार्टी अध्यक्ष बहन कु मायावती के प्रति गहरी और लगाव है, जो कभी टूटने वाला नही है।

उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी व बहुजन समाज के लोग बसपा के साथ पूरे मनोयोग से जुड़े हैं और मुस्लिम समाज पूरी तरह से बहन जी के साथ है। कहा कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो भाजपा को परास्त कर सकती है। डुमरियागंज लोकसभा छेत्र में भाजपा, सपा व बसपा के बीच त्रिकोणीय मुकाबला दिख रहा है और इसमें बसपा आगे दिख रही है। उन्होंने दावा किया कि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जिसका कोर वोटर कभी विचलित नहीं होता है।

आत्मरक्षा से राष्ट्ररक्षा की यात्रा है चरित्र निर्माण शिविर

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । एकाग्रता से धारणा शक्ति में वृद्धि होती है जो कठिन से कठिन विषय को सरलतम रूप से ग्रहण करने की शक्ति प्रदान करता है। यह बातें आर्य वीर दल बस्ती द्वारा जी वी एम कान्वेंट स्कूल बस्ती में आयोजित चरित्र निर्माण शिविर में बच्चों को स्नेक पंच का प्रशिक्षण देते हुए प्रशिक्षक राहुल आर्य ने बताई। उन्होंने कहा कि यह चरित्र निर्माण शिविर युवा बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा से राष्ट्र रक्षा की यात्रा की ओर ले जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षक राहुल आर्य और राम तनय ने बच्चों को श्येन प्रहार, व्याघ्र नख प्रहार, टाइगर क्लैक पंच, टाइगर पिन पंच, थ्री स्टेपिंग बैक पंच, ट्रिपल अटैक पंच, रण मार चाल, बैठी आदि का प्रशिक्षण दिया। सहायक प्रशिक्षिका महिमा आर्य और निधि आर्य ने बालिकाओं को डंबल और लेजियम का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि खेल हमारे शरीर और मस्तिष्क दोनों को स्वस्थ बनाते हैं।

बौद्धिक कक्षा में औषधि विहीन चिकित्सा का प्रशिक्षण देते हुए डा नवीन सिंह राष्ट्रीय महासचिव विश्व संवाद परिषद ने बताया हमारे हाथ में ही पूरे शरीर की स्वस्थ रखने वाले केंद्र बिन्दु स्थित हैं जिन पर दबाव देकर हम अपने रोगों को नियंत्रित करते हुए समाप्त कर सकते हैं। पेट हमारे अधिकतर रोगों का मुख्य कारण है इसे आहार विहार और उचित मर्मदाब से उपचार कर सकते हैं। उन्होंने शरीर में खून की कमी, सिर दर्द, पेट दर्द से लेकर असाध्य रोगों को दूर करने के लिए उपचार बिन्दु बताए। आचार्य देवव्रत आर्य ने यज्ञ कराते हुए बच्चों को आहुतियों के वैज्ञानिक और आध्यात्मिक महत्व बताए। जिला प्रभारी अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि अब इस शिविर का समापन 29 मई को सायं 4 बजे से होगा जिसमें सभी अभिभावकों और आमजनमानस को आमंत्रित किया गया है। ओम प्रकाश आर्य, संतोष कुमार सिंह, वेद कुमार आर्य, विजयलक्ष्मी सिंह, जया पाण्डेय, घनश्याम आर्य, राधेश्याम आर्य,गरुण ध्वज पाण्डेय, सुधांशु मिश्र ने बच्चों को स्वाध्याय और अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

कोरोना वैक्सीन के असर को लेकर रिसर्च विवादों में घिरी, एम्स बोला– मानकों पर खरी नहीं

संवाददाता–गोरखपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में महिलाओं के मासिक चक्र पर कोरोना टीकाकरण के प्रभाव को लेकर रिसर्च विवादों के घेरे में आ गई है। एम्स ने साफ कर दिया कि फिजियोलॉजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. चारुशीला रूकादिकर का शोध मानकों पर खरा नहीं है। इस रिसर्च से एम्स प्रशासन ने खुद को अलग कर लिया है। एम्स प्रशासन ने इसको लेकर बकायदा प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की। प्रेस विज्ञप्ति में एम्स प्रशासन ने रिसर्च पर सवाल उठाए हैं। कार्यकारी निदेशक डॉ. गोपाल कृष्ण पाल ने कहा कि इंटरनेशनल जनरल करंट ड्रग रिसर्च में यह शोध प्रकाशित हुआ है। यह अवलोकात्मक सर्वेक्षण था। इसे रिसर्च का नाम नहीं देना चाहिए था। कार्यकारी निदेशक ने कहा कि मासिक चक्र में कई वजह से अनियमितता हो सकती है। कोविड संक्रमण के दौरान तनाव, जीवन शैली में बदलाव का तनाव, वित्तीय आय में कमी का तनाव, संक्रमण के प्रभाव का तनाव, परिवार सदस्यों के संक्रमित होने का तनाव, करीबी लोगों की मौत या उनके खोने के डर के तनाव से भी मासिक चक्र अनियमित हो सकता है। इन प्रभावों को सांख्यिकी रूप से अलग नहीं किया गया। इस सर्वेक्षण में 5709 प्रतिभागियों में से सिर्फ 333 प्रतिभागियों में मासिक धर्म संबंधी अनियमितताएं सामने आई थीं। इसमें कोई कंट्रोल ग्रुप नहीं था। जिससे तय किया जा सके कि टीकाकरण का मासिक चक्र पर कोई असर हुआ या नहीं। विश्व के कई प्रतिष्ठित जनरल में प्रकाशित हुआ है कि 15 फीसदी तक महिलाओं में मासिक चक्र में अनियमितता मिलती है। ऐसे में 5.8 फीसदी महिलाओं में मासिक चक्र की अनियमितता पर शोध अवैज्ञानिक है। यह सर्वे टीकाकरण के डेढ़ साल बाद किया गया। ऐसे में अनियमितता का दावा वैज्ञानिक रूप से अनुचित व अर्थहीन है।

युवतियों के अपहरण के तीसरे आरोपित को दबोचा

संवाददाता–गोरखपुर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के भटहट कस्बे से शनिवार की दोपहर बाजार जा रही महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा क्षेत्र की युवतियों को जबरन कमरे में बंधक बनाने तथा एक युवती का कार से अपहरण करने के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपित जावेद को शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। आरोप है कि जावेद के ही कार से युवतियों का अपहरण किया गया था। पुलिस ने कार को भी सीज कर दिया है।

भटहट कस्बे से 18 मई की शाम कार सवार बदमाशों ने बाजार गई युवतियों का अपहरण कर लिया था। पीड़िता के भाई की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने महराजगंज जिले के श्यामदेउरवा थानांतर्गत गैंगस्टर महफूज उर्फ भोला और उसके दो साथियों के खिलाफ बंधक बनाकर अपहरण करने का केस दर्ज किया था। अपहरण के मुख्य साजिशकर्ता महफूज उर्फ भोला एवं सलमान को पिछले सप्ताह ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

कार लेकर फरार तीसरे आरोपित जावेद पुत्र कुद्दू निवासी बैजौली थाना श्यामदेउरवा महराजगंज को भी शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के मीरापुर स्थित एक बिरयानी की दुकान से कार के साथ पुलिस ने दबोच लिया। कार को सीज करते हुए आरोपित को कोर्ट में पेश किया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

अदालती नोटिस

इश्तहार मजरिया अदालत– श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) बस्ती जिला–बस्ती

प्रकीर्णवाद सं0 135/2023

मालती–सायलान

1. मालती उम्र 66 वर्ष पत्नी स्व0 माता प्रसाद निवासी मौजा पचवस तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 2. सुनीता देवी उम्र 41 वर्ष पुत्री स्व0 माता प्रसाद पुत्री धर्मेन्द्र निवासी मौजा पचवस तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती 3. संरिता उम्र 40 वर्ष पुत्री स्व0 माता प्रसाद पत्नी जनार्दन निवासी मौजा पचवस तप्पा रामगढ़ परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

तारीख पेशी 29–05–2024

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम–1925

दरख्वास्त मुसम्मा

वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल कर्जा व विकालत हाय दरख्वास्त मुसम्मा मुतवफ्फा अपने बमूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई0 वकैद

हरगाह मुसम्मा ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख माह सन ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तिहार जारी किया जाता है कि किसी को निस्बत के उज्र हो या असालतन या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी0डि0) बस्ती बतारीख पेशी 29–05–2024 मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दरसूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्बत दरख्वास्त मजकूर के सादिर होगा।

अलमरकूम माह सन 20 ई0।

द0 हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

मूलवाद सं0 431/2023

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) खलीलाबाद महोदय बस्ती जिला–बस्ती

राजमुनि आदि

बनाम

कृष्ण मोहन

कृष्ण मोहन पुत्र स्व0 रामबरन निवासी मौजा नगर खास टोला फुलवरिया चाई तप्पा हवेली परगना नगर पूरव तहसील व जिला–बस्ती

तारीख पेशी 29–07–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 29 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

वाद सं0 41/2024

अदालत–श्रीमान सिविल जज (जू0डी0) महोदय बस्ती जिला–बस्ती

अमीना खातून आदि

बनाम

मो0 फिरोज आदि

मोहम्मद अस्तफा अली उम्र लगभग 72 वर्ष पुत्र रहमत अली ग्राम निवासी रानीपुर खुर्द तप्पा दुबौलिया परगना अमोढ़ा तहसील हर्रैया जिला–बस्ती

तारीख पेशी 05–07–2024

हरगाह ने आपके नाम नालिश बाबत के दायर की है। लिहाजा आपक 05 माह 07 सन 2024 ई0 बवक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुतल्लिका मुकदमा जबाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो जो कि जबाब ऐसे सवालत का दे सके हाजिर हों और जबाबदेही दावा कीजिये और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहार के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कत्तई मुकदमा के तजबीज हुई है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप अपनी जबाबदेही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ और फैसला होगा।

बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख माह सन 20 ई0 जारी किया गया।

द0 हाकिम

प्रारूप सी–1

(समाचार पत्र, टी.वी. मे प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)

आपराधिक मामलो के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं0 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता– लवकुश पटेल पुत्र स्वर्गीय श्री जितेन्द्र कुमार

ग्राम–करनपुर पोस्ट कोड़रा पाण्डेय जनपद बस्ती

राजनैतिक दल का नाम– बहुजन समाज पार्टी

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखे)

निर्वाचन का नाम– लोकसभा सामान्य 2024

निर्वाचन क्षेत्र का नाम– 61–बस्ती सामान्य

मैं, **लवकुश पटेल** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषण करता हूँ।

(क) लंबित आपराधिक मामले

क्र. सं.	न्यायालय का नाम	मामले की संख्या एवं तारीख	मामले (मामलों) की स्थिति	संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण
1	सीजेएम कोर्ट लखनऊ	1043/15	लंबित	धारा 504, 506, 353, 332 आईपीसी एवं एम.वी एक्ट 207
	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता
	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता

(ख) आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण

क्र. सं.	न्यायालय का नाम एवं आदेश (शो) की तारीख (खें)	अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण	अधिकतम अधिरोपित दण्ड
1	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता
	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता
	लागू नही होता	लागू नही होता	लागू नही होता

दैनिक भारतीय बस्ती

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस वि0. नया हाल 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स जिला पंचायत भवन गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय

प्रबन्ध सम्पादक–दिनेश सिंह

संयुक्त सम्पादक–प्रदीप चन्द्र पाण्डेय

अयोध्या–फैजाबाद कार्यालय–

चतुर्भुजी मंदिर परिसर लक्ष्मण घाट अयोध्या–फैजाबाद

लखनऊ कार्यालय–

आशियाना चौराहा, एल.डी.ए. कालोनी, सेक्टर एच. कानपुर रोड लखनऊ।

गोरखपुर कार्यालय–

इलाहीबाग गोरखपुर।

मो09450567450 9336715406,

ई.मेल bhartiyabasti@yahoo.com

bhartiyabasti@gmail.com